श्री नरेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, जूट पैकेजिंग आदेश के बारे में जो चर्चा हो रही है और संतोष जी के इस विचार से कि और अधिक जूट दिये जाने से कृषकों, कर्मकारों और सामान्यरूप से उद्योग पर ज्यादा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, इससे मैं तनिक भी सहमत नहीं हूं । मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि यह आरोप लगाए गए हैं, यह कहा गया है कि जूट के बोरे, जूट का पैकेजिंग मैटीरियल अन्य पैकेजिंग मैटीरियल्स से सस्ता पड़ता है । यह जो कहा जा रहा है कि यह मैटीरियल अन्य पैकेजिंग मैटीरियल से सस्ता पड़ता है यह मेरी दृष्टि से गलत है । जहां तक मेरी जानकारी है कि अन्य पैकेजिंग मैटीरियल की तुलना में जूट पैकेजिंग मैटीरियल बहुत महंगा पड़ता है । शुगर उद्योग के बारे में, जैसी चर्चा हुई, शुगर उद्योग के लिए जो जूट के बोरे आते हैं वे 18 रुपए के आते हैं । बल्कि बीच में 21- 22 रुपए तक बिके थे । --- (व्यवधान) -- जीवन राय जी अगर आप शांत रहें तो ठीक रहेगा । 21-22 रुपऐ तक बोरे हो गए थे । मैं एक बात और जानना चाहूंगा, उपसभाध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से कि मंत्री जी मुझे बतायें कि दुनिया के कौन से देश ऐसे हैं जहां शुगर को जूट के बोरों में पैक किया जाता है ? मंत्री जी यह आप अवश्य बतायें और सदन को इसकी जानकारी दें । सदन को गुमराह किया जा रहा है। जहां तक मेरी जानकारी है दुनिया में कोई भी ऐसा देश नहीं है जो शुगर को जूट के बोरों में पैक करता हो । शुगर को अगर जूट के बोरों में पैक किया जाएगा तो उसमें नमी आ जाएगी और शुगर खराब जो जाएगी । यह बात अब गल्ले के बारे में भी सामने आ चुकी है । इसलिए अब नई

व्यवस्था यह बनाई गई है - क्योंकि इस पर बैन लगा हुआ है, बाध्यता है, मजबूरी है अत: जूट के बोरों के अंदर पुन: लाइनिंग लगानी पड़ती है, इससे बचने का कोई उपाय नहीं है । अगर शुगर को ठीक रखना है, गेहूं या चावल जो इसमें पैक किया जाता है उसको ठीक रखना है तो उसमें पोलीथीन की लाइनिंग लगाना आवश्यक हो जाता है । इसी प्रकार जूट के माध्यम से किए जाने वाला पैकेजिंग का खर्चा बहुत अधिक आता है । मंत्री जी स्पष्ट करें कि क्या यह सही है जो जानकारी मैंने सदन की दी है ? कृपया मंत्री जी इसकी पुष्टि करें ।

मैं एक बात और जानना चाहता हूं । आज वैश्वीकरण के कारण जहां प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक बढ़ चुकी हो , दो-दो, चार-चार और पांच-पांच रुपए के लिए परेशानी हो रही हो वहां जूट पेकेजिंग मेटिरियल का खर्च कई जगह लगभग आधा प्रतिशत तक आ जाता है, इसको देखते हुए यह इतना मंहगा है कि यदि उसे घटाया नहीं गया तो भारतीय वस्तुएं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में खरी नहीं उतर पाएंगी । जहां पांच रुपये, 10 रुपये बोरे के हिसाब से चीनी या गेहूं के मुनाफे की बात की जा रही हो वहां जबरदस्ती ऐसे पेकेजिंग मेटेरियल को यूज़ करके वस्तुओं को बाजार में मंहगा बना दें, यह तनिक भी उचित नहीं लगता है । मैं यह भी जानना चाहता हूं कि कौन कौन से उद्योग हैं जहां जूट की पेकेजिंग आवश्यक रूप से आपने करा रखी है, जहां आपने यह आदेश दिये हैं कि जूट की पेकेजिंग होनी ही चाहिये ? अभी तो आपने दो बातें बताई हैं फूडग्रेंस का प्रोडक्शन और शुगर के इलावा क्या कोई अन्य उद्योग भी हैं जहां आपने यह किया हुआ है कि जूट की पेकेजिंग आवश्यक रूप से की जाए, अगर ऐसा है तो वह कौन कौन से उद्योग हैं, उनके बारे में भी बताएं ? मैं यह जानना चाहता हूं आप यह बताएं कि दुनिया के कौन कौन से देश ऐसे हैं जहां जूट को पेकेजिंग मेटिरियल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है ? क्या चीन ऐसा कर रहा है, क्या थाईलैंड ऐसा कर रहा है, क्या इंडोनेशिया ऐसा कर रहा है, क्या ब्रिटेन ऐसा कर रहा है, क्या यूरोप में ऐसा कर रहे हैं या अमरीका ऐसा कर रहा है और कौन कौन सी वस्तुओं के लिए ऐसा कर रहा है ? दुनिया के बहुत से देशों में जूट का उत्पादन होता था लेकिन बहुत से देशों में अब उत्पादन कम हो गया है । ऐसा नहीं है कि जूट का उत्पादन बंद हो जाएगा तो उस भूमि पर दूसरी वस्तु का उत्पादन नहीं हो सकता है । लेकिन यह एक अलग प्रश्न है । प्रश्न मेरा आपसे यह है कि आपकी जानकारी में ऐसी कौन कौन सी वस्तुएं हैं जहां जूट के पेकेजिंग मेटिरियल का बाध्यता के तहत इस्तेमाल किया जाता है या केवल भारत में ही ऐसी बाध्यता की जा रही है ? इसका कारण क्या है, यह भी कृपा कर के बताएं । आज एक ओर वैश्वीकरण की बात कर रहे हैं और आप चाहते हैं कि विश्व परिदृश्य में भारत का अपना एक स्थान बन जाए दूसरी ओर प्रतिबंध लगाते जा रहे हैं । मुझे इस पर आपत्ति है । यह बताया गया कि लगभग ढाई करोड़ किसान और कर्मचारी जूट उद्योग पर निर्भर करते हैं । यदि यह सही है तो हमारे देश की आबादी का ढाई प्रतिशत केवल जूट उद्योग पर निर्भर कर रहा है । यह आंकड़ा मेरी दृष्टि में गलत है । यह सदन को जान बूझ कर भ्रम में डालने की चेष्टा है । मंत्री जी, आप इस भ्रम को दूर करें । अगर वास्तविकता है तो कृपा कर के बताएं । मैं जानना चाहता हूं कि कौन सी ऐसी बाध्यता है ? मैं जूट किसान की बात नहीं कर रहा हूं, मैं जूट उद्योग की बात कर रहा हूं जो सरकार के नियंत्रण में है, पश्चिमी बंगाल सरकार के नियंत्रण में है, वह प्रतिस्पर्धा से घबरा रहे हैं, वह यह नहीं चाहते कि अन्य पेकेजिंग मेटिरियल में जो विश्व में प्रतिस्पर्धा है, उसके सामने.... **(व्यवधान)**

श्री नीलोत्पल बसु (पश्चिमी बंगाल): मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : क्या प्वाइंट आफ आर्डर है ?

श्री नीलोत्पल बसु : प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि यहां स्टेट गवर्नमेंट का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता है । उन्होंने पश्चिमी बंगाल सरकार, राज्य सरकार का सवाल उठा दिया है, यहां सब्जेक्ट से इसका कोई रेलेवेंस नहीं है। व्यवस्था का प्रश्न इसलिए उठता है कि सब्जेक्ट से संबंधित बातों को ही रखा जाए । पश्चिमी बंगाल सरकार का कोई रेलेवेंस यहां नहीं है (व्यवधान)

श्री नरेन्द्र मोहन : उपसभाध्यक्ष जी, जूट पश्चिमी बंगाल में होता है । जितने भी जूट के उद्योग लगे हैं, पश्चिमी बंगाल में हैं । (व्यवधान) उत्तर प्रदेश में जो भी उद्योग हैं, बंद हो चुके हैं । **(व्यवधान)**

श्री संतोष बागड़ोदिया : जूट आसाम में सब से ज्यादा होता है । **(व्यवधान)**

श्री नरेन्द्र मोहन : संतोष बागड़ोदिया जी मैं यह कह रहा हूं आप उद्योगपति हैं (व्यवधान)

श्री संतोष बागड़ोदिया : वेस्ट बंगाल कोई इंडिया के बाहर का इलाका तो नहीं है । **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप समाप्त करें । कालिंग अटेंशन के लिए पांच मिनट का समय होता है, आपने ही बोला था ।

श्री नरेन्द्र मोहन : जूट पेकेजिंग मेटिरियल आदेश 1987 में आया था, उसके पीछे पश्चिमी बंगाल सरकार का दबाव था और आज भी वही दबाव है, मैं समझता हूं, यह उचित नहीं होगा आज के प्रतिस्पर्धा के युग में । **(व्यवधान)**

एक माननीय सदस्य : अजीब बात है ।

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल):: पश्चिमी बंगाल सरकार हिन्दुस्तान के बाहर है ? पश्चिमी बंगाल सरकार को हिन्दुस्तान से बाहर कर दो । **(व्यवधान)**

श्री नरेन्द्र मोहन : पेकेजिंग मेटिरियल पर किसी भी प्रकार के प्रतिबंध नहीं लगाये जाने चाहियें । मैं जानना चाहता हूं कि पेकेजिंग मेटिरियल पर प्रतिबंध लगाने के पीछे कौन सी नीयत है? **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): जीवन राय जी, जब आपका टर्न आए, उस समय आप बोलिये ।

श्री नरेन्द्र मोहन : मंत्री जी, मैं जानना चाहता हूं कि आखिर पेकेजिंग मेटिरियल पर प्रतिबंध लगाने के पीछे कौन कौन से मुख्य कारण हैं ?

उन कारणों को बताइए ताकि भारतीय उद्योग पैकेजिंग मैटीरियल के कारण कहीं ऐसी

स्थिति न हो जाए कि जो प्रतिस्पर्धा होती है उससे बाहर निकल जाए। यह उचित नहीं होगा। आप इस बारे में पूरी जानकारी सदन को दें। धन्यवाद।

SHRI JIBON ROY : Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, Everybody knows that 80 per cent of the jute mills are located in West Bengal. (*Interruptions*) I am coming to that. I am supporting you. Eighty per cent of the jute mills are located in West Bengal, and West Bengal is located in India, and we all are Indian citizens. (*Interruptions*) You just hear. You do not know the history. (*Interruptions*)

श्री नरेन्द्र मोहन : आपने मेरी बात में टोका था। आपने मुझे टोका था ...**(व्यवधान)** पैकेजिंग के मामले में राष्ट्र के पास एक संतुलित नीति होनी चाहिए। राष्ट्र के पास पैकेजिंग के मामले में एक संतुलित नीति नहीं है, असंतुलित नीति है और असंतुलित नीति के कारण ...**(व्यवधान)**

SHRI JIBON ROY: Should I say you passed this order to punish West Bengal? (*Interruptions*)

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : चलिए जीवन राय जी. अपनी बात कहिए **(व्यवधान)** Please come to the point.

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे (गुजरात) : वे कह रहे हैं कि सबसे ज्यादा आसाम में होता है। आप उनका जवाब दीजिए।

श्री संतोष बागड़ोदिया : मैंने कहा जूट प्रोडक्शन ... आप समझिए बात को ..**(व्यवधान)**

श्री नरेन्द्र मोहन : आपने मुझे टोका और मैंने सही बात कही थी। मैंने कहा था कि पैकेजिंग मेटीरियल के बारे में भारत सरकार की अपनी एक संतुलित नीति होनी चाहिए। वर्तमान नीति असंतुलित है और जूट के ऊपर आगे बढ़ना चाहते हैं ..**(व्यवधान)** यह नहीं होना चाहिए।

SHRI JIBON ROY: Sir, the fact is that 80 per cent of the jute mills are situated in West Bengal. Earlier, that is, before the partition of Bengal, many of the rice-producing areas in the eastern part of Bengal, Assam, and the entire eastern India, had been converted into jute-producing areas. (*Interruptions*)

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप बैठिए। यह नहीं होना चाहिए कि आप हर बार बोलें।

श्री संतोष बागड़ोदिया : हम लोग चुपचाप सुन रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप भी चुप रहिए। Nothing will go on record, except what Shri Jibon Roy says. (*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: Hon. Members and the House should realise the problem of Bengal and eastern India. They have sacrificed a lot during the partition of India, and they had to part with half of their land. (*Interruptions*)

It is a matter of history that many paddy-producing areas had been converted into jute-producing areas because of the partition. All this planning was done after consultations with the Government of India. It was a part of the Government of India's planning. Now, jute is being produced in that State. If the Government of India desires to change the planning, you have to talk and discuss with the State Government; you have to rehabilitate the mills; you have to rehabilitate the jute producers. The policy has to be formulated in consultation with the concerned State Government. My first point is that you cannot simply do anything, by overriding the State Governments.

Secondly, Sir, it is not correct that frequent strikes take place in jute mills in Bengal. My home is a jute-mill-area. For the last ten years, there had been no such occasion at all of lock-outs in mills. You know it. Without lock-outs, how can a strike take place? Now, because of the initiatives of the State Government, mills are being opened one by one. Of course, the Central Government has also helped in it by enacting this law. Now, taking the strength of this law and enactment, the jute producers and mill owners have invested a lot of money in that area. The State Government has also invested. Both are working together. Probably, this has gone against the wish of the Central Government. Everybody knows that there is a political difference between the Central Government and the State Government. Let the difference be there. But because of political differences with some States, the Central Government should not tease the people of the States, especially a State which has sacrificed a lot, both before independence and after independence. Now, the point is, the order is there, the enactment is there and the Supreme Court judgement is also there; you don't change it. I would like to know whether, while passing this order, or, moderating this order, you consulted the concerned State Governments which produce 80 per cent of the jute. And would you restore

the earlier order? Would you restore the earlier position? You can discuss this with the concerned State Governments; you can discuss it with Shri Narendra Mohan also and come out with a plan. You can involve the State Governments and finalise the thing.

SHRI NARENDRA MOHAN: Sir, my name has been taken. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): No; no. Now, Mr. Margabandu. Please be brief.

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu): Yes, Sir. In this statement it is said that packing of 90 per cent of foodgrains, including sugar, and 15 per cent of urea is done in jute bags. This is given in the statement. Now, Sir, packing in plastic bags saves the material from drenching and also saves it from being wasted. That seems to be the reason why people prefer using these plastic bags. What is the Government doing for this? Will it not affect the jute industry?

SHRI RAMACHANDRA KHUNTIA (Orissa): Mr. Vice-Chairman, Sir, this is a very important issue and this issue is related to the State to which I belong, that is, Orissa. Orissa is one of the States which produces jute. As has been said by one of my colleagues, there are many persons in Orissa who work in the jute industry. Now, it is not a question of whether it is in West Bengal or in Orissa or in any other part of the country. It is a question of whether we should encourage the jute growers or not. It is a question of whether the Government has taken protective steps to save the jute industry and whether the Government is encouraging the jute growers by giving support price or not.

Sir, I want to mention only two or three points. The first point is regarding the support price being given to the jute growers. I know that it does not always reach the farmers. The middle person always takes it; and many times, it is misutilized. So, will the Government take necessary steps to see that the support price reaches the jute growers directly?

The second point is about the use of jute for packaging. As you know, this IIT, Kharagpur, and many expert institutions have given their opinion in support of using jute bags. They have also given a clear

recommendation to the Government for reducing the use of polythene bags. It has a bad impact on the environment. So, through you, Sir, I would like to impress upon the Government that it must have a clear policy which will be helpful in protecting the jute industries, in protecting the jute workers and in protecting the interest of the jute growers.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Now, Mr. Minister.

वस्त्र मंत्री (श्री काशीराम राणा) : सर, जूट के बारे में यहां पर हमारे सभी साथियों ने जो भी बातें बताई हैं, इसके बारे में मैंने अपने पहले स्टेटमेंट में भी बताया है, लेकिन फिर भी कई बहुत सारे सवाल उठाए गए हैं जिसका मुझे लगता है कि जवाब देना उचित होगा ।

यह बात सही है कि जो जूट पैकेजिंग मैटीरियल एक्ट है वह 1987 में बना वह जूट सैक्टर को और पर्टिकुलरली जो जूट फार्मर हैं, बंगाल के हमारे जो किसान हैं, उन को प्रोटेक्ट करने के लिए बनाया गया था । सर, यहां पर सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट का जिक्र किया गया । मैं कहना चाहूंगा रिजर्वेशन के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने जो एक्ट बना, जिसे चैलेंज किया गया था, उस को अपहेल्ड किया ।

सर, जूट के किसानों की आर्थिक स्थिति को ऊपर लाने के लिए सरकार ने बहुत से कदम उठाए हैं, और भी उठाए जाएंगे और उन में से एक यह है कि सरकार ने हर साल एम0एस0पी0 को बढ़ाने की कोशिश की है । सर, मैं कहना चाहूंगा कि वर्ष 1987-88 में जब यह एक्ट लागू किया गया तब जूट की मिनिमम सपोर्ट प्राइस 285 रुपए के करीब थी और आज वह 785 है और पिछले दो सालों में सरकार ने यह न सिर्फ 20-30 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ायी है बल्कि हम ने 70-80 रुपए प्रति क्विंटल भी बढ़ाने की कोशिश की है। उसी की वजह है कि वर्ष 1987-88 में जहां हमारी ईल्ड पर हैक्टेयर 14.96 क्विंटल थी, आज वर्ष 1999-2000 में वह पर हैक्टेयर बढ़कर 21.83 किलोग्राम हुई है । तो जूट किसानों की स्थिति सुधारने के लिए सरकार कमिटेड है और उस कमिटमेंट को पूरा करने के लिए जो भी स्टेप्स लेने होंगे, उन्हें लेने में हम हिचकिचाएंगे नहीं।

श्री नीलोत्पल बसु : लेकिन उसे कोई खरीदता नहीं है । ....**(व्यवधान)**....

श्री काशीराम राणा : सर, माननीय सदस्यों ने सवाल उठाया कि जूट अच्छी तरह पर्चेज नहीं किया जाता है । आज चाहे आसाम हो, चाहे वेस्ट बंगाल हो, 171 पर्चेज सेंटर्स हम ने खोले हैं और जब-जब एम0एस0पी0, क्योंकि उस में कंडीशन है कि अधिकतम 18 परसेंट मोइस्चर के साथ, 785 रुपए के नीचे गया है तो जे0सी0आई0 ने एम0एस0पी0 की प्राइस से खरीदने के लिए हमेशा कोशिश की है, हमेशा उतना पैसा दिया है और कभी-कभी 20-30 रुपए हम ने ज्यादा भी दिया है । सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि मैं पश्चिम बंगाल के लोगों की इस बात से सहमत हूं कि उन के यहां ज्यादा जूट होता है, लेकिन पार्टीशन की वजह से वहां बहुत सफर भी

हुआ है क्योंकि अच्छा जूट वहां चला गया हम ने समय-समय पर वेस्ट बंगाल गवर्नमेंट को रिक्वेस्ट की है कि आप भी हमें जूट पर्चेज करने में सहयोग करें । सर, मुझे खुशी है कि वेस्ट बंगाल की जो कोऑपरेटिव सोसायटी है, उनको वहां करीब 37 सेंटर्स खोलने की परमीशन दी गयी है। लेकिन मुझे ताज्जुब यह है कि जब हमारे सांसद ऐसे सवाल उठाते हैं तब मैं उन से पूछना चाहूंगा कि क्यों आज तक सिर्फ कोऑपरेटिव सोसायटी स्पांसर्ड बाय द गवर्नमेंट के 5 ही सेंटर्स वहां पर चल रहे हैं । हम चाहते हैं कि अगर जूट के किसानों के बारे में सही मायने में वहां की सरकार को इंटरेस्ट है तो वह ज्यादा-से-ज्यादा पर्चेज सेंटर्स खोले । सर, इसीलिए मैं यहां एक उदाहरण देना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि वेस्ट बंगाल गवर्नमेंट की अर्थ-व्यवस्था में जूट बड़ा इम्पोर्टेन्ट फैक्टर है ।

उसी तरह, सर, महाराष्ट्र और गुजरात में कॉटन वहां के किसानों के लिए आधार है और इसीलिए वहां की राज्य सरकारें, वैसे तो कॉटन का एम0एस0पी0 भी भारत सरकार तय करती है, फिर भी गुजरात और महाराष्ट्र की सरकारें अपने परचेज़ सेंटर खोलकर परचेज़ करती हैं और कहीं-कही तो भारत सरकार ने जो एम0एस0पी0 तय किया होता है, उससे ज्यादा भाव देकर वहां पर कॉटन खरीदती हैं, और इस तरह से वहां के कॉटन के किसानों की स्थिति सुधारने के लिए प्रयत्न करती हैं । वैसे तो महाराष्ट्र गवर्नमेंट ने कॉटन प्रिक्योरमेंट एक्ट बनाया है और गुजरात गवर्नमेंट हर साल 100 करोड़, 200 करोड़ रुपए देकर भाव ऊपर उठाने की कोशिश करती है, मैं आपसे आग्रह करुंगा कि आप भी पश्चिमी बंगाल सरकार को हमारी यह रिक्वेस्ट पहुंचाएं ..

श्री जीवन राय : मिल में प्रोडक्शन नहीं होगा तो प्रिक्योरमेंट कैसे होगा ?

श्री काशीराम राणा : जीवन राय जी, मैं प्रोडक्शन पर भी आऊंगा । आप पश्चिमी बंगाल सरकार को रिक्वेस्ट करें कि गुजरात व महाराष्ट्र की तरह हमारे पटसन के किसानों को ज्यादा से ज्यादा प्राइस मिले, उसके लिए आप भी कुछ कदम उठाएं । इसीलिए आज जूट कारपोरेशन आफ इंडिया के 171 सेंटर हैं । ..**(व्यवधान)**..

VEN'BLE DHAMMAVIRIYO: Mantriji, for your information .....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): He is not yielding, Dhammaviriyoji.

वेन ब्ले धम्मा विरियो : हम लोग नहीं कर रहे, आज 8.50 रुपए में लोग मार्किट में सेल करते हैं, आपके पास तो 7.85 रुपए है, आपको क्यों सेल करें । ..(व्यवधान)..

श्री काशीराम राणा : हमारा कपड़ा मंत्रालय और भारत सरकार वहां पर सेंटर खोलने के लिए जरूर सोचेंगे । इसीलिए तो हमने एम0एस0पी0 तय की, इसीलिए तो जे0सी0आई0 अभी चल रही है । हमने जे0सी0आई0 को 33 करोड़ की बैंक गारंटी भी दी है जिससे कि वे परचेज़ कर सके ताकि कभी भी हमारे पटसन के किसानों को परेशानी न हो ।

सर, जूट पैकेजिंग एक्ट के बारे में यहां पर हमारे माननीय सांसदों ने बहुत सारे सवाल उठाए । हमारे संतोष बागड़ोदिया जी कहते हैं कि आई हेव बीन मिसगाइडिड । सर, लास्ट टाइम भी इन्होंने यही कॉलिंग अटेंशन उठाया था, मैंने जवाब दिया था । आज दो महीने बाद वही का वही कॉलिंग अटेंशन फिर दिया है और वही आर्डर है, उसके बाद कोई नया आर्डर, कोई रिडक्शन कोई रिलेक्सेशन हमने नहीं दिया, फिर भी इन्होंने कहा कि that others have misguided me. Sir I want to say that I have not been misguided by my Ministry or by officials or by any one else. The Government has not taken the decision under any pressure. We have taken the decision purely on merit, based on the prevailing situation.

सर, जूट पैकेजिंग एक्ट में डाइल्यूशन क्यों करना पड़ा, यह प्रश्न हमारी सांसद सरला माहेश्वरी जी ने उठाया । सर, लास्ट ईयर जूट पैकेजिंग एक्ट में कपड़ा मंत्रालय को यह अधिकार दिया गया था कि 10 परसैंट हम शूगर में फ्लेक्सिब्लिटी कर सकते हैं, चेंज कर सकते हैं । सरकार के दिल में अगर किसानों का हित नहीं होता तो हम 10 परसैंट का कभी भी इस्तेमाल करते, लेकिन हमने नहीं किया । हमने हमारा अधिकार होते हुए भी 10 परसैंट डाइल्यूशन या फ्लेक्सिब्लिटी का उपयोग नहीं किया । सर, मैं यह कहना चाहूंगा कि आज किसानों के लिए हम बात करते हैं, लेकिन तब जो सही बात थी यानी शार्टेज पैदा करके, जब देश को गनी बैग्स की रिक्वॉयरमेंट थी और जब हमारे सामने क्रॉप जूट थी, उस समय इसे पूरा ठप्प करने की साजिश हुई थी, इसलिए वहां पर स्ट्राइक कराई गई । सर, मैं जब कलकत्ता गया था, तो मैं खुद पश्चिमी बंगाल के हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी से मिला था ।

मैंने उनसे कहा था कि आप इसमें इंटरवीन करिए, आप यह स्ट्राइक विदड्रॉ कराइए, भारत सरकार यह नहीं चाहती कि ऐसी परिस्थिति पैदा हो क्योंकि अल्टीमेटली वह लाभ किसानों को मिलना चाहिए, हमारे पटसन के किसानों को मिलना चाहिए । मैंने खुद माननीय मुख्यमंत्री जी से अपील की थी, रिक्वैस्ट की थी कि आप हस्तक्षेप करिए लेकिन फिर भी मेरी रिक्वैस्ट ठुकराई गई और आखिर में सरकार ने यह कदम उठाया और तब हमने डाईल्यूज़न किया। महोदय, एक बात मैं आपके सामने रखना चाहता हूं कि ....**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : आप पहले उनकी बात तो सुन लीजिए, अगर आप सैटिस्फाइड न हों तो आप जो जानकारी चाहते हैं, वह मांग सकते हैं ।

श्री जीवन राय : 2 रोज के लिए हड़ताल हुई, चीफ-मिनिस्टर ने इंटरवीन किया, हड़ताल निपटा दी गई, फिर डाईल्यूज़न का क्या मतलब था ? फिर किसान को मारने का क्या औचित्य था ....**(व्यवधान)**

श्री नरेन्द्र मोहन : हर राज्य में किसान हैं ....**(व्यवधान)**

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल) : हम समझ गए, डाईल्यूज़न का बहाना चाहिए

था, बहाना मिल गया तो कर दिया ....**(व्यवधान)**

श्री जीवन राय : बहाना करिए, पुलिस बुलवाइए ।

श्री दीपांकर मुखर्जी : बहाने से नहीं होना चाहिए ...(व्यवधान) स्ट्राइक का बहाना अच्छा बहाना है, Kindly explain the position.

श्री नरेन्द्र मोहन : उपसभाध्यक्ष महोदय, बहाने की कोई बात नहीं है ....(व्यवधान)

श्री दीपांकर मुखर्जी : अरे भाई, मैं कभी ऐसा कहता हूं ? आप मुझे फोर्स कर रहे हो ऐसा बोलने के लिए ।

श्री जीवन राय : ठीक है, मंत्री जी, आप एक बार कह दीजिए, पुराना सब हो गया, अब रिस्टोर करवा दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : मंत्री जी का पूरा वक्तव्य तो सुनिए, आप उनका उत्तर तो सुन लीजिए, उसके बाद आप जो जानकारी चाहते हैं, वह ले लीजिए । पहले उनको अपना उत्तर पूरा करने दीजिए ।

श्री जीवन राय : रिस्टोर करवा दीजिए, यह इशू खत्म कर दीजिए ।

श्री काशीराम राणा : महोदय, यह हमारे देश की खुशकिस्मती है कि आज हमारे देश का शूगर प्रोडक्शन बढ़ गया है । महोदय, 1997-98 में यह 12.20 मिलियन टन था और आज यह 18 मिलियन टन तक पहुंच गया है । फूडग्रेन्स का प्रोडक्शन 195 से 210 मिलियन टन हो गया है । फर्टिलाईज़र भी बढ़ा है और आई.एल.ओ. ने कहा है कि ....**(व्यवधान)**

श्री जीवन राय : बोल दीजिए कि जूट मिल्स चलने नहीं देंगे, बस ....**(व्यवधान)** गात्रे को मारेंगे, बोल दीजिए ...**(व्यवधान)**

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM (Uttar Pradesh): Sir, kindly ask him not to interrupt. Let the Minister reply. On every sentence he is interrupting.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: You are using it as a political whip.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Kindly, let him complete his reply.

श्री जीवन राय : रिस्टोर कर दीजिए, हो गया ...**(व्यवधान)** यह ठीक नहीं है, आपको शोभा नहीं देता है ।

आप रिस्टोर कर दीजिए, बस ....**(व्यवधान)** रिस्टोर करने के लिए पूछिए ना मंत्री जी से ...**(व्यवधान)** गौतम जी, आप तो मजदूरों के साथ हैं, जनता के साथ हैं, बोल दीजिए ना मंत्री जी को ...**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): जीवन राय जी, अब आप मिनिस्टर साहब को बोलने दीजिए ।

श्री काशीराम राणा : महोदय, जितना सैकिंग मैटीरियल है 15-16 लाख टन, उसमें से हैशियन को निकालकर बाकी 9 लाख टन अवलेबल है, हमने उसका पूरा इस्तेमाल करने की कोशिश की है चाहे वह ग्रेन्स में हो, चाहे शूगर में हो, चाहे फर्टिलाईज़र में हो । जब इसकी शॉर्टेज हुई, तभी हमने डाईल्यूज़न किया है, और हमारे पास कोई वजह नहीं है डाईल्यूज़न करने की ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Nothing will go on record, except the reply of the Minister.

SHRI JIBON ROY:

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI) : Let him reply first.

नहीं-नहीं, पहले आप उनका उत्तर सुन लीजिए उसके बाद जो आप जानना चाहते हैं वह जान लीजिए। Nothing will go on record.

श्री काशीराम राणा : सरकार की ओर से किसानों को प्रोटेक्ट करने के लिए और हमारे लाखों मजदूर जो जूट मिल से अपनी रोजगारी हासिल करते हैं उनको प्रोटेक्ट करने के लिए सरकार ने कदम उठाया है। हम नहीं चाहते कि कोई मिल बन्द हो, हम नहीं चाहते, सरकार नहीं चाहती। हम यह भी नहीं चाहते कि हमारे किसानों को कम दाम मिले। हम चाहते हैं कि उनको उचित दाम मिले, हम चाहते हैं कि उसके जूट प्रोक्योरमेंट के लिए सेंटर खोले। भारत सरकार ने समय-समय पर यह कदम उठाया है। इतना ही नहीं, हमने अभी-अभी यह जूट टेक्नॉलोजी क्योंकि जो गनी बैग -जूट बैग होते हैं यहां पर जो हमारे पास उपलब्ध हैं वह हैवी वेट है, जबकि हमारे मिल में जो हैसियन होता है जो एक्सपोर्ट करते हैं लाइट वेट की करते हैं। हम कहते हैं कि बैग की जो कॉस्ट है कैसे हम कम कर सकें, इसकी तो कुछ कोशिश करें।हम चाहते हैं कि इसके बारे में कोई न कोई ऐसी नई टेक्नॉलोजी का उपयोग हो इसलिए हमने टेक्नॉलोजी अपग्रेडेशन स्कीम के अंदर भी जूट सैक्टर को कवर किया है। इतना ही नहीं, सर, इस देश में कॉटन की क्वालिटी सुधारने के लिए और पर हेक्टेयर यील्ड बढ़ाने के लिए हमने कॉटन टेक्नॉलोजी मिशन शुरु किया है। सर, उसी तरह हम एक जूट टेक्नॉलाजी मिशन करने के लिए

*Not recorded.

भी जा रहे हैं। बंगला देश के जूट को हम गोल्डन फाइबर कहते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे बंगाल में, हमारे आसाम में ऐसा भी जूट बने। वह भी इसी प्रकार की हाई क्वालिटी का जूट बने और इसीलिए हम टेक्नॉलोजी मिशन न और जूट की भी शुरूआत करने जा रहे हैं। हम तो चाहते हैं कि राज्य सरकारें हमें सहयोग करें। क्या कभी..... **(व्यवधान)**

हमने भारत सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी कम कर दी है। वेस्ट बंगाल सरकार क्यों नहीं इस पर सेल्स टेक्स निकाल देती है? उसको निकाल देना चाहिए। वह जूट सेंटर क्यों नहीं खोलती है जबकि उसे खोलना चाहिए और हम उसमें सहयोग करेंगे।

सर, श्रीमती माहेश्वरी जी ने बताया कि पूर्वी राज्यों की हम उपेक्षा कर रहे हैं। बहन जी, हम कभी भी पूर्वी राज्यों की उपेक्षा नहीं करते। हमारा ज्यादा से ज्यादा ध्यान पूर्वी राज्यों में है, क्योंकि देश का वह एक अखंड भाग है। हम चाहते हैं कि जिस प्रकार से महाराष्ट्र हो, जिस प्रकार से गुजरात हो इस प्रकार से वेस्ट बंगाल या राजस्थान या पूर्वी राज्यों में भी समृद्धि, रोजगारी हो इसलिए वहां भी भारत सरकार की ओर से प्रयत्न हुआ है। जो भी आज अर्थव्यवस्था की हानि हुई है, आप आत्म-चिंतन करें कि क्यों हुई है। आज वेस्ट बंगाल से कई इंडस्ट्रीज बाहर जा रही हैं इसका आप चिंतन करें। मुझे लगता है कि अगर जूट में भी राज्य सरकारों का सहयोग मिलेगा तो किसानों के लिए हम और सारी योजनाएं बनाकर उनका जो इंटरेस्ट है वह प्रोटेक्ट करने के लिए वायदा करते हैं। The Government of India is totally committed to protect our jute farmers.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : सरला जी बोलिए। बस एक-एक मिनट।

श्रीमती सरला माहेश्वरी : मैं मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि वह जो इस बात को बार-बार कह रहे हैं कि -हां साहब, कमी हो गई इसलिए हमने डॉयलूशन किया। मैं यह जानना चाहती हूं कि जो डॉयलेशन आपने किया उसमें असल में कितना डॉयलूशन हुआ? क्या आपने कभी इस बात की तहकीकात की है? मेरे पास में जो आंकड़े हैं यह मैं आपको बताऊं कि हंड्रेड परसेंट डिफॉल्टर कम्पनियां हैं जो ऐक्ट की धज्जियां उड़ाते हुए काम कर रही हैं। इसके बारे में अगर आप सदन को बताएं तो अच्छा होगा। आंकड़ों की जानकारी के बाद में हम यह पाते हैं कि एक बार मंत्री जी ने डॉयलूशन कर दिया और बार-बार एस0सी0 की सिफारिशों के आधार पर डॉयलूशन होता रहा। 20 परसेंट डॉयलूशन किया और हकीकत में 100 परसेंट हुआ। तो ऐसी कितनी डिफॉल्टर कम्पनियों को आपने पहचाना है, उनकी शिनाख्त की है तथा उनके लिए क्या दंड का प्रावधान किया है? तो क्या इस तरह की कम्पनियां आपके ख्याल में आई हैं?

श्री संतोष बागड़ोदिया : डॉयलूशन के बारे में मंत्री ज़ी ने मेरी एक बात को कह कर अन्य सारी बातों को उड़ा दिया। जबकि डॉयलेशन की जो मेन बात थी -पैकेजिंग आर्डर, और वह जूट के ऊपर चले गए, फार्मर्स पर चले गए। तेल तो तिल में से ही निकलेगा और तेल कहां से मिलेगा जब तिल ही न हो।

जब माल बिकेगा ही नहीं तो कैसे होगा। मैं केवल एक सवाल पूछना चाहता हूं। यह

जो मानीटरिंग की बात है तो क्या एश्योरेंस मिलेगा कि एक आईटम आप हंड्रेड परसेंट खाली जूट गुड्स में दे देंगे, जो भी आईटम आपको देना हो, यह परसंटेज मत करिए। अगर आप भलाई करना चाहते हैं, आपको लगता है कि जूट गुड्स एवेलेबल नहीं है तो आप आईटम्स कम कर दीजिए, लेकिन आप परसंटेज की मानीटरिंग नहीं कर सकते हैं। इसका आपने जबाव नहीं दिया है।

उपसभाध्यक्ष जी, एक बात और है कि सोये हुए को जगाया जा सकता है, लेकिन जागे हुए को नहीं जगाया जा सकता है।

The first business philosophy to part with is self-conceit, for, it is impossible for anyone to begin to learn what he thinks that he already knows.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी): श्री नरेन्द्र मोहन। आप संक्षेप में पूछिएगा नहीं तो फिर से डिसकशन शुरू हो जाएगा।

श्री नरेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, मेरे प्रश्नों का उत्तर नहीं आया है। फिर भी, मंत्री जी कृपया करके मुझे यह बता दें कि दुनिया में ऐसा कौन सा देश है भारत के अतिरिक्त जहां आटा, शक्कर एवं अन्य खाद्यात्र पदार्थ जूट में पैकिंग किए जाते हों? इसका कारण क्या है? न अमेरिका उनका प्रयोग कर रहा है, न ब्रिटेन कर रहा है, न जर्मनी कर रहा है, न जापान कर रहा है, न चीन कर रहा है, आखिर क्यों? इसके पीछे कोई तो वैज्ञानिक कारण होगा? कहीं ऐसा तो नहीं है कि जूट पैकेजिंग मैटेरियल बहुत महंगा पड़ता हो और अगर उसमें आटा और शक्कर की पैकिंग की जाती हो तो उसको क्षति पहुंचती हो?

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE : Sir, the Calling Attention was on the relaxation in the Jute Packaging Order. It was diluted. My only question to the hon. Minister is whether, right now okay, whatever has happened has happened-in response to requests from all sides, he would kindly give an assurance that this part of the order which was diluted would be brought back to its original. If yes, very good; if no, why?

VEN'BLE DHAMMA VIRIYO : I have a simple question to the hon. Minister. His suggestion is that the State Government should establish a research centre. The Central Government have established a very good Cotton Research Institute at Nagpur. It is a very big area. Why should not such research centres be established in the eastern region? Why should the State Government come forward to do that? You can ask for the land. But if you are putting this big burden on the State Government, it is not correct. Another thing is, I would remind you that in the world, people do not use

'shakkar', they only use 'sugar'

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Now, last, Mr. Jibon Roy.

SHRI JIBON ROY: The Minister, in his speech, has mentioned West Bengal. He has said that companies and factories are coming out of West Bengal. The fact is that now, it is going to the old past. You take note of it and please correct the statement you have made. The second question is... No. This is actually the question. Before the dilution, did the hon. Minister discuss it with the concerned State Governments?

श्री काशीराम राणा: सर, सरला माहेश्वरी जी ने सवाल उठाया है कि जो डिफाल्टर कम्पनियां हैं वे उसका मिसयूज कर रही हैं। वह अगर किसी कम्पनी का नाम बतायें तो हम जरूर उसके खिलाफ एक्शन लेंगे। जो परसंटेज जूट पैकेजिंग मैटेरियल एक्ट में है उसकी हम बहुत अच्छी तरह से और बहुत स्ट्रिक्टली मानीटरिंग करेंगे।

सर, संतोष बागड़ोदिया जी ने कहा कि सोये को तो जगाया जाता है लेकिन जो जागता है उसको कैसे.. सर, यह सरकार कभी सोई नहीं। हमने जागकर और बड़ी स्वस्थ हालत में डिसीजन लिया है। हमारे जागते हुए लिए गए डिसीजन में अगर वह सो गए तो हम क्या करें और बाद में उनको खबर पड़ी तो हम क्या करें।

सर, नरेन्द्र मोहन जी ने बहुत अच्छे सुझाव दिए हैं और उन्होंने सही स्थिति हाउस के सामने रखने की कोशिश की है। वैश्वीकरण की जब हम बात करते हैं तब मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत सारी बातों में एक बात बताई कि पैकेजिंग में ज्यादा से ज्यादा कंट्रीज में आज पॉलिथीन का यूज होता है और उससे देश की इकानामी को लाभ होता है।

जो कंज्यूमर है, उसको भी फायदा पहुंचता है, यह बात एक अर्थ में सही है। इसके साथ साथ हम यह भी देखेंगे कि कैसे हमारे किसानों को प्रोटैक्ट किया जाए । जैसा कि दीपांकर जी ने बताया कि हमने रिलैक्सेशन किया । सर, रिलैक्सेशन क्यों किया, वह मैंने बताया । ..(व्यवधान)..

श्री नरेन्द्र मोहन : मैंने पॉलीथीन की बात ही नहीं की है, मैंने कागज की बात भी की है। ..(व्यवधान)..

श्री काशीराम राणा : डॉयलूशन क्यों हुआ, वह भी मैंने बताया और मुझे लगता है कि पूरी स्थिति को देखते हुए, जो स्टैंडिंग ऐडवाइज़री कमेटी है, उन्होंने सबको सुनने के बाद इस संबंध में जो रिकॅमेंडेशंस भेजी, उसी बेस पर सरकार ने डिसीज़न लिया है । इसके अतिरिक्त ईस्टर्न स्टेट्स के बारे में जो बताया है, उस संबंध में हम जरूर खयाल रखेंगे कि कहां पर जूट का

पोटैंशियल है । उस संबंध में हम जरूर सोचेंगे । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Now, the House is adjourned for lunch till 2.30 P.M.

The House then adjourned for lunch at thirty-one minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-three minutes past two of the clock,THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA) *in the Chair.*

THE FOREFEITURE (REPEAL) BILL, 2000

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI I.D. SWAMI): Sir, on behalf of Shri L.K. Advani, my senior colleague,

I move:

That the Bill to repeal the Forfeiture Act, 1859, be taken into consideration.

Sir, this is a very innocuous Bill, just repealing and removing the vestiges of the British days, the remnants of the old Act. When there was no IPC, when there was no Cr.PC, when there was no procedure, heinous crimes were punished, at that time, by appointment of commissions, and those commissions used to have their own procedure, used to formulate their own rules, and would seize, forfeit the properties of the people. As far as I understand, Sir, after the 1857 *gudder*, the revolt of 1857, all these crimes were considered heinous and the properties were forfeited. In 1869, some of the provisions of the Forfeiture Act were repealed, but still some Sections remained to be repealed. We are now proposing to remove all those laws which are just a burden on the Statute Book, which are unnecessary.

The Commission headed by Shri P.C.Jain, which was appointed to review all Administrative Laws and to point out the laws which are